सांवरिया मोरी नैया तरा दे भजन लिरिक्स

सांवरिया मोरी नैया तरा दे,
नैया तरा दे पार लगादे।bd।

नंद नाई सदन कसाई,
भई मस्तानी मीरा बाई,
ऐसा ही मुझे मस्त बनादे,
साँवरिया मोरी नैया तरा दे,
नैया तरा दे पार लगादे।bd।

द्रुपद सुता के चीर बढ़ाओ,
गज के आकर फंद छुड़ाओ,
ऐसा ही मुझे रूप दिखादे,
साँवरिया मोरी नैया तरा दे,
नैया तरा दे पार लगादे।bd।

मोह के बस में अर्जुन आया,
रूप विराट से हर ली माया,
ऐसा ही मुझे रूप दिखादे,
साँवरिया मोरी नैया तरा दे,
नैया तरा दे पार लगादे।bd।

सांवरिया मोरी नैया तरा दे,
नैया तरा दे पार लगादे।bd।

गायक / प्रेषक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
8839262340

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com